Regarding deportation of Indian nationals by USA

श्री मनीश तिवारी **(चंडीगढ़) :** माननीय सभापति जी, अमरीका में 7 लाख 25 हजार अनडॉक्यूमेंट इंडियन्स हैं और 24,000 लोग अमरीका की हिरासत में हैं । 487 लोगों को फाइनल डिपोर्टेशन ऑर्डर्स दे दिए गए हैं, इनमें से 287 को भारतीय नागरिक के अनुसार चिह्नित कर लिया गया है । अमरीका में इस तरह की परिस्थिति बनी हुई है कि वेनेजुएला के कुछ इल्लीगल इमीग्रेंट्स को गुआनतानमो बे भेज दिया है, जहां आतंकवादियों को रखा जाता है । ? (व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से सरकार से पूछना चाहता हूं कि ये जो तथाकथित इल्लीगल इमीग्रेंट्स थे, जो कोई अपराधी नहीं हैं, कोई आतंकवादी नहीं है, अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए आप बाहर गए थे, क्या उनको हथकड़ियां और बेड़ियां पहनाकर भारत वापस लाया जाएगा? ? (व्यवधान) जिस तरह का बयान माननीय विदेश मंत्री द्वारा दिया गया, यह बहुत ही निराशाजनक था । मैं सरकार से मांग करता हूं कि इंडियन्स के स्वाभिमान की रक्षा होनी चाहिए ।? (व्यवधान)